>

Title: Need to ensure quality of development works under Pradhan Mantri Adarsh Gram Yojana in Gaya parliamentary constituency, Bihar.

**श्री हरी माझी (गया):** मैं केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गया बिहार की ओर दिलाना चाहता हूं। गया जिले के 225 ग्रामों को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम्य योजना के लिए चयन हुआ है। जिससे लोगों में भारी प्रसन्नता है। इस योजना से क्षेत्र के गांवों का विकास तेजी से हो सकेगा। लेकिन विकास की इन योजनाओं में अनियमितता हो रही है क्योंकि स्थानीय प्रशासन अपनी मर्जी से कार्य कोलकाता की बड़ी-बड़ी कंपनियों को दे रही है। इस प्रकार से दूसरे राज्यों से आने वाली कंपनी से कार्य में अनियमितता होने की संभावना है। मेरा माननीय सामाजिक न्याय मंत्री जी से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री आदर्श योजना के लिए इन गांवों के विकास के कार्य स्थानीय एजेंसियों को दिया जाए और कार्य की निगरानी ठीक से किया जाए। सरकार के लक्ष्यपूर्ति और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए बाहरी कंपनियों के कार्यों से दिक्कत होने की संभावना है। इसलिए कार्यों के लिए स्थानीय स्तर के कार्यरत एजेंसियों को प्राथमिकता दी जाए।